प्रशासनिक फेरबदल | सोमवंशी पहुंचे ग्वालियर

# एसपी आनंद कलादगी बुधवार को संभालेंगे कमान

**नवभारत,दमोह.** शनिवार और रविवार की दरमियानी रात बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत 50 से अधिक आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं.इसी क्रम में दमोह जिले में प्रभावी और सख्त पुलिसिंग की पहचान बना चुके पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी का स्थानांतरण कर उन्हें 13वीं वाहिनी विसबल ग्वालियर भेजा गया है.उनके स्थान पर 2020 के आईपीएस वर्तमान में पुलिस उपायुक्त, जोन-4 नगरीय इंदौर आनंद कलादगी अब दमोह जिले के 53वें नए पुलिस अधीक्षक के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे. यह जहां तक मंगल या बुधवार को जॉइनिंग देंगे.अपने कार्यकाल में एसपी श्री सोमवंशी ने अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर दमोह में पुलिसिंग की मजबूत और भरोसेमंद छवि स्थापित की.संवेदनशील मामलों में उनकी त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई ने आमजन के बीच विश्वास को नई मजबूती दी. आईपीएस श्रुतकीर्ति सोमवंशी की कार्यशैली सख्ती और संवेदनशीलता का संतुलित उदाहरण रही.उन्होंने पुलिस महकमे में अनुशासन को प्राथमिकता दी, वहीं अपराधियों के प्रति कठोर कार्यवाही कर पुलिस की सकारात्मक छवि को मजबूत किया.जनचौपाल से संवाद स्थापित कर समस्याओं को प्राथमिकता से सुना और मौके पर समाधान के निर्देश दिए.

**बेहतर कानून-व्यवस्था और प्रभावी पुलिसिंग की उम्मीदें जताई जा रही**

अब आईपीएस आनंद कलादगी के रूप में दमोह को नया नेतृत्व मिला है, जिनसे बेहतर कानून-व्यवस्था और प्रभावी पुलिसिंग की उम्मीदें जताई जा रही हैं .हालांकि प्रशासनिक फेरबदल को सामान्य प्रक्रिया माना जा रहा है,लेकिन श्रुत कीर्ति सोमवंशी के तबादले ने जिले में उनके कार्यकाल को लेकर चर्चा तेज कर दी है .एसपी श्री सोमवंशी के स्थानांतरण को लेकर पुलिस महकमे, आम जनता और मीडिया में व्यापक चर्चा है .उनके सक्रिय,सख्त और जनहित कारी कार्यकाल की सराहना विभिन्न वर्गों द्वारा की जा रही है .

# अत्याधुनिक ओपीडी व डायग्नोस्टिक्स सेंटर की सौगात

## अरोरा डायग्नोस्टिक्स एंड क्लिनिक का शुभारंभ

**नवभारत,दमोह.** 2 मई, शनिवार की शाम दमोह शहरवासियों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक अत्याधुनिक ओपीडी व डायग्नोस्टिक्स सेंटर की सौगात मिली. शहर के विवेकानंद नगर में एलआईसी ऑफिस के पास लोकप्रिय सांसद राहुल सिंह लोधी, विधायक जयंत मलैया और जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिपं प्रतिनिधि गौरव पटेल,रमन खत्री की गरिमामई उपस्थिति में अरोरा डायग्नोस्टिक्स एंड क्लिनिक का शुभारंभ हुआ.क्लिनिक में रेडियोलॉजिस्ट डॉ रौनक अरोरा व हृदय व मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ सृष्टि अरोरा अपनी सेवाएं देंगे. दो रौनकऔर डॉक्टर सृष्टि एन अरोरा ने बताया कि इस निदान व चिकित्सा केंद्र में अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सटीक निदान व महानगरों में अपनी सेवाएं दे चुके चिकित्सकों द्वारा इलाज की व्यवस्था होगी.अरोरा डायग्नोस्टिक्स एंड क्लिनिक में सभी प्रकार की जांचे सोनोग्राफी, कलर डॉपलर, इलास्टोग्राफी, डीआर डिजिटल एक्स रे, इकोकार्डियोग्राफी, ट्रेडमिल टेस्ट (टी.एम.टी), ई. सी. जी, खून की जांचे व इलाज एक ही छत के नीचे संभव होंगे.डॉ रौनक अरोरा ने बताया की बहुत सी बीमारियों के लक्षण देर से प्रकट होते हैं, ऐसे में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता होने से अगर डॉक्टरी सलाह से समय समय पर जांचें कराई जाए तो कई गंभीर बीमारियां शुरुआती दौर में ही पकड़ी जा सकते हैं.उदाहरण के तौर पर उन्होने बताया की लीवर इलास्टोग्राफी द्वारा जिगर में होने वाले फैटी लीवर व फाइब्रोसिस को शुरुआती दौर में ही पकड़ा जा सकता है व लीवर फेल्यर या सिरोसिस से बचा जा सकता है.डॉ सृष्टि एन. अरोरा ने बताया की भारत में मधुमेह के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है.मधुमेह के मरीजों को लकवा, हृदयाघात, किडनी व लीवर फेल्यर का खतरा रहता है. अत: शुगर की मात्रा को संतुलित रखना अतिआवश्यक है.

> उन्होंने बताया की स्ट्रेन इकोकार्डियोग्राफी द्वारा हार्ट फेल्यर को बहुत शुरुआती दौर में पकड़ा जा सकता है व ऐसे मरीजों को इस जांच से बहुत लाभ होगा .इस अवसर पर डॉ सुरेश जैन, डॉक्टर आरके बजाज,मनोज खरे निज सचिव,प्रिंस जैन,नगर के प्रमुख डॉक्टर्स, समाजसेवी व व्यापारियों की उपस्थिति रही .

# बरगी डैम हादसे में मृतकों को बजरंग दल नोहटा ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

**नवभारत,नोहटा/दमोह.** बरगी डैम में हाल ही में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए बजरंग दल नोहटा द्वारा कैंडल मार्च का आयोजन किया गया.इस दौरान कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की. कार्यक्रम में बजरंग दल के नगर संयोजक लकी रैकवार ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है और ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगतों की आत्मा को शांति प्रदान करें तथा उनके परिजनों को इस दु:ख को सहने की शक्ति दें.

कैंडल मार्च के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना प्रभारी नोहटा अभिषेक पटैल,प्रधान आरक्षक प्रवीण सेन एवं पुलिस स्टाफ मौके पर मौजूद रहा .कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ. स्थानीय लोगों ने भी बड़ी संख्या में शामिल होकर हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने की मांग की.

**प्रेम से भजो तभी ईश्वर की सच्ची व्यापकता का अनुभव होगा - आचार्य पं . रवि शास्त्री महाराज**

**नवभारत,दमोह .** ग्राम बरखेरा बैस में कलश यात्रा के साथ श्री देव जानकी रमण जी मंदिर शाला में श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई कथा का वाचन करते हुए आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि महाभारत के युद्ध के बाद अर्जुन को अक्सर यह अभिमान हो जाता था कि वे भगवान के सबसे बड़े भक्त हैं श्री कृष्ण अर्जुन के इस सूक्ष्म अहंकार को तोड़ना चाहते थे .

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को किया गया सम्मानित

**नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह.** सिंग्रामपुर रानी दुर्गावती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माध्यमिक शिक्षा मंडल के वर्ष 2026 के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माननीय धर्मेंद्र सिंह लोधी जी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया .कार्यक्रम में मंत्री जी ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो किसी भी क्षेत्र और समाज के विकास की नींव रखती है। उन्होंने छात्रों को आगे भी इसी तरह मेहनत करने और उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया .इस सम्मान समारोह में संग्रामपुर क्षेत्र की कई प्रतिभाशाली छात्राओं ने अपनी उपलब्धियों से सभी का ध्यान आकर्षित किया। कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी अंशिका राजपूत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय अंक प्राप्त कर अपने गांव और परिवार का नाम रोशन किया। वहीं अंशिका विश्वकर्मा ने कक्षा 10वीं में 81 अंक हासिल कर क्षेत्र और विद्यालय का गौरव बढ़ाया .कार्यक्रम के दौरान सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और स्थानीय नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा, ताकि आने वाले समय में और अधिक छात्र-छात्राएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें।

## घर-घर जाकर होगा मकानों का सूचीकरण, 2524 प्रगणक तैनात : कलेक्टर यादव

**नवभारत,दमोह।** जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण का कार्य 1 मई से प्रारंभ हो गया है,जो 30 मई तक संचालित रहेगा। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि इस चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी।उन्होंने कहा,पूरे जिले में 2524 प्रगणक नियुक्त किए गए हैं, जो घर-घर जाकर डेटा संग्रह का कार्य करेंगे। इनके कार्य की निगरानी के लिए 451 पर्यवेक्षक लगाए गए हैं,जहां प्रत्येक 6 प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी तय की गई है। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि कार्य के प्रभावी संचालन हेतु जिले में 15 चार्ज अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में यह जिम्मेदारी तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को दी गई है, जबकि नगरीय क्षेत्रों में ब्ड्व् स्तर के अधिकारी इस कार्य को देखेंगे।

## एक नजर में

### ब्राह्मण बालकों का उपनयन संस्कार आयोजित

**नवभारत,दमोह।** स्थानीय श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर (पूर्व शिक्षा विभाग परिसर, जनपद के सामने)में ब्राह्मण बालकों का यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार

पुजारी पुरोहित संघ द्वारा विधि-विधान से सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में अजब धाम फतेहपुर से पधारे श्री राम अनुग्रह दास जी (छोटे सरकार जी) की विशेष उपस्थिति रही।इस अवसर पर पुजारी पुरोहित संघ जिला अध्यक्ष पंडित अजय गर्ग,नगर पुरोहित पंडित चंद्र गोपाल पौराणिक, विद्यासागर पांडे, पंडित बद्री प्रसाद कुड़ेरिया, बांदकपुर से पंडित राम कृपाल पाठक, पंडित केदारनाथ दुबे, पत्रकार पंडित सुनील गौतम, महेंद्र गर्ग, महिमानंद जी, सुनील दुबे,गोविंद पुजारी, देवेंद्र दुबे,कमलेश तिवारी, विकास पांडे, मिकी राजोरिया,राम अवतार तिवारी, दुर्गेश तिवारी,आशीष दत्त कटारे,सुदर्शन पाठक, दक्ष गर्ग, आराध्य गर्ग, सचिन तिवारी,राजेंद्र सरवरिया,ठाकुर दास जी,जागेश्वर तिवारी,आशुतोष गौतम (छोटू शास्त्री) सहित अनेक लोगो की उपस्थिति.

### अपर्णा एरियल को पीएचडी की उपाधि मिली

**नवभारत,दमोह .** अपर्णा एरियल पत्नि संजय एरियल, क्रिश्चियन कॉलोनी, दमोह ने सैम ग्लोबल युनिवर्सिटी,भोपाल म.प्र से लायब्रेरी एण्ड इन्फॉर्मेशन साइंस में

पी.एच.डी की उपाधि प्राप्त की है. इन्होंने अपना शोध कार्य-वर्तमान परिप्रेक्ष्य मे पुस्तकालयों में सूचना प्रोद्योगिकी की भूमिका का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर डॉ. पूजा करैया के निर्देशन में पूर्ण किया . अपनी इस उपलब्धि पर उन्होंने सर्वप्रथम ईश्वर को धन्यवाद दिया और पति संजय एरियल, बेटी जिया व अपने माता- पिता,सास -ससुर को उनके प्रेम व सहयोग हेतु धन्यवाद दिया साथ ही प्रोत्साहन और मार्गदर्शन हेतु प्राचार्य डॉ वंदना चरण को धन्यवाद दिया .वर्तमान में आप डॉ.विजय लाल स्मृति महाविद्यालय दमोह में लगभग 24 वर्षो से लाइब्रेरियन के पद पर अपनी सेवायें दे रहीं हैं . आपकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों ,मित्रों व शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी हैं .

### नीट परीक्षा आयोजित

**नवभारत,दमोह।** नीट की परीक्षा में हजारों छात्र-छात्राओं ने शामिल होकर

शांतिपूर्ण तरीके से पर्चा हल किया. इस दौरान दमोह शहर में तीन केंद्रों में हजारों बच्चे शामिल हुए. छात्र-छात्राओं ने कहा कि पेपर मीडियम आया है ना ज्यादा कठिन और नाही ज्यादा सरल . बतादे कि कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस प्रशासनिक अधिकारी व भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा .

# जीवन को सार्थक बनाने अच्छे रास्ते पर चले : महाराजश्री

### घट यात्रा के साथ पंच कल्याण महोत्सव का आगाज

**कुम्हारी नवभारत 3 मई।** सकल जैन समुदाय के सौजन्य से पंच कल्याण महोत्सव मानस्तंभ प्रतिष्ठा और गौशाला शिलान्यास कार्यक्रम में प्रथम दिवस घट यात्रा बड़े ही उत्साह के साथ निकाली गई। मंगलानंद महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम महोत्सव में अनुयाई बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान यज्ञ मंडल विधान गर्व कल्याण की पूर्व प्रकिया भगवान आदिनाथ प्रकट उत्सव मनाया जाएगा। प्रवचन में महाराज श्री ने बताया कि हमारे चलने के लिए दो रास्ते हैं उन रास्तों से यदि हम चलते हैं तो मंजिल

हमारे करीब होती है और यदि ठहर जाते हैं तो व्यसन में उलझ जाते हैं। हमे जिस रास्ते पर चलना है वहां नहीं पहुंचकर हमारे जीवन की दिशा और दशा परिवर्तित हो जाती है।

### मुनि श्री के लगाए जयकारे

उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए अच्छे रास्ते पर चलना है, नेक कार्य करना है।

सभी ने मां श्री के प्रवचनों को बड़े ही ध्यान से सुना, इस दौरान मंगल सागर महाराज प्रतिष्ठाचार्य धीरज, बाल ब्रह्मचारी नीलेश उपस्थित रहे। आज बोली लगाई गई, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया और मुनि श्री के जयकारे लगाये।

### जल बहुमूल्य है इसके दुरुपयोग को रोकें, नलों में टोंटी लगाएं विधायक ने किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

**नवभारत,दमोह .** रविवार की सुबह पूर्व मंत्री व दमोह विधायक जयंत मलैया ने नगर पालिका के फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर जल व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया . इस दौरान उन्होंने प्लांट के प्रत्येक हिस्से को बारीकी से देखा और उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए .

### जगह-जगह सड़क उखड़ने से हो रहीं दुर्घटनाएं

**पथरिया नवभारत 3 मई।** पथरिया से केरबना मार्ग में जगह-जगह दरारें और अनेकों जगह सड़क उखड़ने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। निर्माण के दौरान सड़क में कई प्रकार की अनियमितताएं की गई, जिससे सड़क ने कुछ माह बाद ही दम तोड़ दिया। पथरिया से लखरोनी तक करीब चार किमी के दायरे में न अतिक्रमण हटाया गया और न ही साइड सोल्डर का निर्माण कार्य पूरा कराया गया। लखरोनी के आगे पथरिया की ओर बिछनी नाला के पुल की स्थिति दोनों तरफ सड़क की डामर सहित कटिंग हो चुकी है, जिससे आए दिन सड़क पर दुर्घटनाए हो रही हैं। उक्त नाले पर सड़क के दोनों ओर वाहन चालको द्वारा गार्डवॉल निर्माण की मांग की जा रही है।

### महादेव घाट पुल पर सड़क हादसा, युवक बेहोशी की हालत में मिला, नवयुवक ने दिखाई मानवता

**नवभारत,जबेरा/दमोह .** नोहटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत महादेव घाट पुल पर एक युवक सड़क दुर्घटना का शिकार होकर बेहोशी की अवस्था में पड़ा मिला .घटना के समय मौके पर कई लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी घायल को अस्पताल पहुंचाने की पहल नहीं की .इसी बीच हिनौती आजम निवासी नवयुवक दीपराज जाटव ने मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक की मदद की .उन्होंने तुरंत 108 एंबुलेंस सेवा को कॉल किया. सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के पायलट दौलत रैकवार और ईएमटी संजू अहीरवाल मौके पर पहुंचे और बिना समय गंवाए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा पहुंचाया .अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर सौरभ सुमन द्वारा घायल युवक का इलाज जारी है .प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घायल की पहचान धर्मेंद्र आदिवासी,निवासी मनगुवाघाट के रूप में हुई है .वहीं,पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है .दीपराज जाटव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की तुरंत मदद करें और उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाएं, ताकि समय पर इलाज मिलने से उनकी जान बचाई जा सके .

# सही तौल, बिना लेनदेन के काम और समय पर रसीद देना अनिवार्य : कलेक्टर

**नवभारत,दमोह । किसानों से बातचीत के दौरान सामने आया कि व्यवस्थाओं में गंभीर अनियमितताएं हैं और हर स्तर पर उन्हें परेशान किया जा रहा था. स्थिति को गंभीरता से लेते हुए समिति प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर, वेयरहाउस मालिक और वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के कर्मचारी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराई गई है.**

इस आशय की बात कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने रविवार दोपहर कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में उपार्जन संबंधी बैठक के दौरान कही. उन्होंने कहा कल मेरे द्वारा चंपत पिपरिया उपार्जन केंद्र का पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण किया. उपार्जन केंद्र में अनियमितता पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज हुई और दोषियों को हिरासत में लिया गया.उन्होंने कहा किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है. बैठक में अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित संबंधित विभाग के अधिकारी गण मौजूद थे.कलेक्टर श्री यादव ने जिला स्तरीय अधिकारियों और नोडल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए. सही तौल, बिना लेनदेन के काम, और समय पर रसीद देना अनिवार्य किया गया है, लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई.कलेक्टर श्री यादव ने किसानों से आग्रह किया कि यदि किसानों से कोई अवैध तरह की मांग की जाती है, गलत तौल होता है या किसी प्रकार की परेशानी दी जाती है,तो वे तुरंत कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराएं। प्रशासन द्वारा तुरंत जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

> समिति प्रबंधक,कंप्यूटर ऑपरेटर, वेयरहाउस मालिक और वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के कर्मचारी के खिलाफएफआईआर दर्ज' 'जिला स्तरीय अधिकारियों और नोडल अधिकारियों की बैठक संपन्न, दिए गए अहम दिशा-निर्देश'

### मां की साधना से मानवता को मुक्ति मिलेगी : मुकेश तोमर

**नवभारत,बटियागढ/दमोह .** हरसिद्धि मंदिर प्रांगण घनश्यामपुरा में भगवती मानव कल्याण संगठन व पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वावधान में हर माह की भांति इस माह भी माह के प्रथम रविवार को मासिक महाआरती का आयोजन किया गया. आयोजन में सर्वसमिति के लोग सम्मिलित रहें आयोजन का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को नशा मुक्त मांसाहार मुक्त चरित्रवान चेतनावन जीवन जीने को प्रेरित किया .आयोजन का शुभारंभ 10 बजे से कालीदास द्वारा करवाया गया.

सड़क हादसे | चार डांसर सहित 6 लोग घायल

# तेज रफ्तार कार खड़ी ट्राली से टकराई

**नवभारत,दमोह.** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत तिदोनी के पास रविवार रात करीब 8 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 0898 में सवार करीब 6 लोग बुरी तरह घायल हो गए. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर देहात थाना प्रभारी अमित गौतम के साथ स्टाफपहुंचा और तत्काल घायलों को 112 डायल पायलट मोहम्मद हादी और आरक्षक भोले तथा दूसरी 112 डायल आरक्षक सुमित चौबे ने तत्परता दिखाते हुए 108 में घायलों को सवार कर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे. जहां घायलों का उपचार ड्यूटी रत डॉक्टर आशुतोष पटेल,डॉक्टर मनीष संगतानी और डॉक्टर ईश्वर राजपूत द्वारा किया गया. यह कार जबलपुर से पथरिया मलखान के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए डांस पार्टी जा रही थी. तभी अचानक खड़े ट्रैक्टर ट्राली में यह कार टकरा गई. जिससे कार पूरी तरह चपिट गई और सवार बुरी तरह घायल हो गए. जिन्हें उपचार के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि घायलों में कार चालक अभिषेक पिता स्वर्गीय मल्लू उम्र 27 वर्ष निवासी जबलपुर, राजू काछी पटेल पिता कोमल प्रसाद जबलपुर, अंकित पिता सुशील उपाध्याय नागपुर, खुशी रामटेक महाराष्ट्र, रोशनी दीपक मराठा नागपुर और सीमा पिता संतराम अहिरवार उम्र 23 वर्ष निवासी नागपुर को चोट आने पर इलाज के लिए भर्ती किया गया.।

### भीषण सड़क हादसा

**नवभारत,दमोह।** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका चौकी समन्ना के पास हुए भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल दामोदर पटेल निवासी सतरिया को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में 112 डायल आरक्षक सुमित व पायल मोहम्मद हादी और स्थानीय डॉ भूरे खान के द्वारा भर्ती किया गया है . जिसकी हालत गंभीर है,बताया जा रहा है की ट्रैक्टर ट्राली में रखी सरिया के पेट में घुस जाने से बुरी तरह एक्सीडेंट हुआ है . जहां ड्यूटी रत डॉक्टर आशुतोष पटेल और डॉक्टर ऐश्वर्य प्रताप सिंह राजपूत ने घायल की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया .